>

Title: Shortage of power in the Country.

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन (भागलपुर): अध्यक्ष महोदय, मैं आपका बहुत आभार व्यक्त करता हूं कि आपने बोलने का मौका दिया।

मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं कि जो पावर ग्रिड है, उसके जरिये बिहार, बंगाल, उड़ीसा और झारखंड को भूटान के ताला से बिजली दी जाती है और जब वहां पानी घट जाता है तो उसकी वजह से बिजली घट जाती है और उसका नुकसान सबसे ज्यादा बिहार को हो रहा है। बिहार को जहां ताला से 260 मैगावाट बिजली मिलती है, जाड़े में वह 51 मैगावाट हो जाती है और बिहार को ट्रंसमिशन चार्ज भी सात करोड़ रुपये देना पड़ता है। बिजली भी नहीं मिलती है और सात करोड़ रुपया भी देना पड़ता है। उसी तरह का लॉस बंगाल को भी होता है और उड़ीसा को भी होता है।

मैं आपके जरिये यह अनुरोध करना चाहता हूं कि बिहार में कहलगांव है, जो भागलपुर में है, जहां से मैं सांसद हूं, वहां एन.टी.पी.सी. का प्रोजैक्ट है। कहलगांव से बिजली दिल्ली को 12 परसेंट मिल रही है, उत्तर प्रदेश को 19 परसेंट, पंजाब को 12 परसेंट और बिहार, बंगाल और उड़ीसा को जो वहां से बिजली मिलनी चाहिए, मैं आपके जरिये यह निवेदन करना चाहता हूं कि बिहार को जो 1170 मैगावाट बिजली केन्द्र से मिलनी चाहिए, उसकी जगह 700 मैगावाट मिल रही है। उस 700 मैगावाट में से भी 85 मैगावाट रेलवे को देनी पड़ती है, 60 मैगावाट नेपाल को देनी पड़ती है और 100 मैगावाट डिफेंस को देनी पड़ती है तो बिहार को 1700 मैगावाट की जो जरूरत है, उसकी जगह 450 मैगावाट बिजली मिल रही है। खासकर जहां पर एन.टी.पी.सी. का प्रोजैक्ट है, मेरे क्षेत्र भागलपुर में, वहां भी अंधेरा है। उसमें वहीं का पानी है, वहीं के लोग हैं, वहां पोल्यूशन फैल रहा है और हमारे क्षेत्र में अंधेरा है, पूरे बिहार में अंधेरा है। लोगों ने उम्मीद की थी, जब हमारी सरकार थी तो केन्द्र से कहलगांव से बिजली बिहार को दी जाती थी और जब आज यू.पी.ए. की सरकार केन्द्र में है तो...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: You are the best light of your constituency.

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : महोदय, मैं आपके जरिए यह कहना करना चाहता हूं ...(व्यवधान)

SHRI UDAY SINGH (PURNEA): Mr. Speaker, Sir, I would like to associate myself with the matter raised by him.

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : महोदय, मैं आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहता हूं कि बिहार ने 15 साल के बाद उजाले की कदम बढ़ाया है। बिहार में अंधेरा खत्म हो। बिहार में लोग लालटेन युग में मर रहे हैं, वहां बिजली का बल्ब दिखे, इसके लिए प्रयास होना चाहिए। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : रामकृपाल यादव जी, आप कृपया बैठ जाइए।